श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांकः एफ-3(41)/LBSNSU/2023-24/ 327 **दिनांकः**-22.08.2023

कार्यालयीय सूचना

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्ववित्तपोषित अशंकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से आवेदन किये गये थे, किन्तु किन्ही कारण से साक्षात्कार के समय उपस्थित नही हो सके, उन सभी अभ्यर्थियों को चतुर्थ चरण की साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 23.08.2023 से 28.08. 2023 तक अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है।

***जो अभ्यर्थी पूर्व में साक्षात्कार में सम्मिलित हुए थे परन्तु अभी तक प्रवेश शुल्क जमा नही करवा सके है वे सभी दिये गये लिंक https://slbsrsvadmission.samarth.edu.in/index.php/site/login पर जाकर अपने ई-मेल आई डी एवं पासवर्ड डालकर दिनांक 28.08.2023 तक प्रवेश शुल्क जमा करा सकते है।**

प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष विभागाध्यक्ष के कार्यालय में ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल-दस्तावेजों तथा उनकी स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र को अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

प्रमाण पत्रों की सूची-

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल-प्रमाण पत्र।
2. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र)
3. मूल चरित्र प्रमाण-पत्र।
4. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण-पत्र।
5. आधार कार्ड की प्रतिलिपि।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त विभागाध्यक्ष/पाठयक्रम संयोजक
2. निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कुलानुशासक
3. पीठ प्रमुख- शैक्षणिक, छात्र कल्याण
4. जनसंपर्क अधिकारी
5. उपकुलसचिव- लेखा, परीक्षा
6. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित तथा आवेदकों को एस.एम.एस./ ई-मेल के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव-कुलपति/कुलसचिव
8. कार्यालय आदेश पत्रावली
9. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)